सप्तदश

बिहार विधान सभा

एकादश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{09 फाल्गुन, 1945 (श०)}}{\text{28 फरवरी, 2024 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1)	ग्रामीण कार्य विभाग	02
	कुल योग --	02

निर्माणाधीन पुल

31. श्री भाई वीरेन्द्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 24 जनवरी, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''ठेकेदार और विभागीय पेंच में फंसकर अटका खड़गी-तिरासी घाट पर बन रहा पुल निर्माण, विरोध में 10 पंचायतों के लोगों ने रखा सामूहिक उपवास'' के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया और बेगूसराय के सीमावर्ती प्रखंड के जलकोड़ा गाँव के निकट गंडक नदी के खड़की-तिरासी पर निर्माणाधीन पुल का निर्माण कार्य विगत कई माह से सरकार द्वारा प्राक्कलित राशि की अनुपलब्धता के कारण संवेदक द्वारा निर्माण कार्य बंद करते हुये निर्माणाधीन मशीनों को वापस कर लिया गया है, जिससे दोनों जिले के 10 पंचायतों की आबादी आंदोलित है, यदि हाँ, तो प्राक्कलित राशि की अनुपलब्धता का औचित्य क्या है ?

दोषी एजेंसियों पर कार्रवाई

32. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--दैनिक समाचार-पत्र हिन्दुस्तान दिनांक 22 नवम्बर, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''राज्य की 16 प्रतिशत ग्रामीण सड़कें खराब तीन माह में मरम्मत का टास्क'' के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य योजना से बिहार में 5 सालों के भीतर लगभग 20 हजार किलो मीटर सड़कों का निर्माण हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य योजना से जिन एजेंसियों ने इन सड़कों का निर्माण किया है, उसे पाँच साल तक उसकी मरम्मती भी करनी थी, लेकिन एजेंसियों की लापरवाही के कारण ऐसा नहीं हो सका ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार में 16 फीसदी ग्रामीण सड़कें खराब और जर्जर स्थिति में है, विभाग ने इन सड़कों को अगले तीन महीने में मरम्मत कराने का टास्क एजेंसियों को सौंपा है, लेकिन अभी कार्य करने की गति धीमी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य की सभी जर्जर सड़कों को बनवाने तथा दोषी एजेंसियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 28 फरवरी, 2024 (ई0) ।

राज कुमार,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0, 98(एल0ए0), 2023-24-डी0टी0पी0-550